**भारत सरकार**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 2595**

**उत्तर देने की तारीख: 16.12.2025**

**कल्याणकारी योजनाओं का कार्यान्वयन**

**2595. श्री कुंदुरु रघुवीर:**

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही पिछड़ा वर्ग (बीसी/ओबीसी) संबंधी उन प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं का ब्यौरा क्या है, जिनमें छात्रवृत्ति, कौशल विकास कार्यक्रम, छात्रावास, कोचिंग योजनाएं और आर्थिक सशक्तिकरण संबंधी पहल शामिल हैं;

(ख) तेलंगाना में स्वीकृत, कार्यान्वित या वर्तमान में संचालित उक्त योजनाओं की संख्या कितनी है तथा गत पांच वर्षों के दौरान लाभार्थियों का ब्यौरा क्या है;

(ग) तेलंगाना में पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावासों, आवासीय विद्यालयों और शैक्षिक अवसंरचना के विकास के लिए कुल कितनी निधि आवंटित, जारी और उपयोग की गई है;

(घ) क्या नलगोंडा जिले को छात्रावासों या शैक्षणिक सुविधाओं के उन्नयन के लिए कोई विशेष सहायता प्रदान की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा तेलंगाना में समय पर निधि जारी करने तथा पिछड़ी जाति/पिछड़ी जाति कल्याण कार्यक्रमों के विस्तार को सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री**

**(श्री बी.एल. वर्मा)**

**(क) और (ख):** भारत सरकार तेलंगाना राज्य सहित पूरे देश में अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) के कल्याण के लिए छात्रवृत्ति, कौशल विकास, छात्रावास, कोचिंग योजना और आर्थिक सशक्तिकरण सहित विभिन्न योजनाएं कार्यान्वित करती है।

1. ओबीसी और अन्य के लिए वाइब्रेंट इंडिया हेतु पीएम यंग अचीवर्स स्कॉलरशिप अवार्ड स्कीम (पीएम-यशस्वी) और इसके घटकः- (क) प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति (ख) पोस्ट-मैट्रिक

छात्रवृत्ति (ग) स्कूलों में टॉप क्लास शिक्षा (घ) कॉलेजों में टॉप क्लास शिक्षा और (ङ) ओबीसी बालकों और बालिकाओं के लिए छात्रावासों का निर्माण।

2. यंग अचीवर्स हेतु उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति योजना और इसके घटकः-(क) अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए राष्ट्रीय फेलोशिप (एनएफ-ओबीसी) और (ख) ओबीसी और ईबीसी के लिए विदेश में अध्ययन के लिए शैक्षिक ऋण पर ब्याज सब्सिडी की डॉ. अम्बेडकर केंद्रीय क्षेत्र योजना।

3. प्रधानमंत्री दक्षता और कुशलता संपन्न हितग्राही योजना (पीएम-दक्ष) योजना, अच्छी गुणवत्ता वाले संस्थानों के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाले कौशल प्रदान करने के लिए एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है। पिछले 5 वर्षों के दौरान तेलंगाना राज्य में पीएम-दक्ष योजना के तहत कुल 3071 लाभार्थियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

4. वंचित इकाई समूह और वर्गों की आर्थिक सहायता स्कीम (विश्वास): ऋण देने वाली संस्थाओं के माध्यम से अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदायों को उनके द्वारा लिए गए ऋणों (केवल आय सृजन) पर 5% ब्याज सब्सिडी प्रदान करके सहायता प्रदान करना।

5. पिछड़ा वर्ग के लिए वेंचर कैपिटल फंड (वीसीएफ-बीसी): पिछड़े वर्गों के उद्यमियों को वित्तीय सहायता प्रदान करना।

6. राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्तीय और विकास निगम (एनबीसीएफडीसी): उच्च शिक्षा और उद्यमशीलता कार्यक्रमों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है

7. एससी और ओबीसी के लिए निःशुल्क कोचिंग योजना: प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे ओबीसी छात्रों के लिए निःशुल्क कोचिंग

8. राष्ट्रीय साधन-सह-मेधा छात्रवृत्ति योजना (एनएमएमएसएस): यह योजना अन्य पिछड़े वर्गों के छात्रों सहित सभी छात्रों के लिए खुली है और मानकों के अनुसार इस योजना के अंतर्गत आरक्षण प्रदान किया जाता है।

9. जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) योजना: इस योजना का उद्देश्य कौशल विकास प्रशिक्षण के माध्यम से स्व/मजदूरी रोजगार को बढ़ावा देकर घरेलू आय में वृद्धि करना है। प्राथमिकता वाले समूह ग्रामीण क्षेत्रों और शहरी कम आय वाले क्षेत्रों में महिलाएं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक

हैं। इस योजना के लक्षित लाभार्थी अनपढ़, नव-साक्षर और शिक्षा के प्राथमिक स्तर वाले व्यक्ति, 15-45 वर्ष के आयु वर्ग में कक्षा 12वीं तक स्कूल छोड़ने वाले व्यक्ति हैं।

10. राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन योजना (एनएपीएस) का उद्देश्य तेलंगाना के अन्य पिछड़ा वर्ग सहित पूरे देश में शिक्षुता प्रशिक्षण को बढ़ावा देना है। वजीफा सहायता प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) तंत्र के माध्यम से सीधे प्रशिक्षुओं के बैंक खातों में संवितरित की जाती है। पिछले पांच वर्षों (वित्तीय वर्ष 2020-21 से वित्तीय वर्ष 2024-25 तक) के दौरान एनएपीएस के तहत तेलंगाना राज्य में कुल 156,065 प्रशिक्षु हैं, जिनमें से 910 प्रशिक्षु नलगोंडा जिले में हैं।

11. कौशल विकास और उद्यशीलता मंत्रालय के तहत प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) व्यापक प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से देश भर में 33 राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों (एनएसटीआई) (14 सामान्य और 19 महिलाओं के लिए) और प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए 120 संस्थानों (आईटीओटी) (109 राज्य सरकारों और 11 निजी) के माध्यम से क्राफ्ट इंस्ट्रक्टर प्रशिक्षण योजना (सीआईटीएस) के तहत व्यावहारिक कौशल प्रदान करता है और कुशल जनशक्ति को प्रशिक्षित करता है। देश भर में, सत्र 2021-22 से 2025-26 तक ओबीसी श्रेणी के 31,24,756 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया है। इनमें से 79,162 उम्मीदवार तेलंगाना से हैं, जिनमें 4,422 प्रशिक्षु विशेष रूप से नलगोंडा जिले से हैं।

12. प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई): पीएमकेवीवाई को देश भर में लागू किया गया है जो कौशल विकास प्रशिक्षण के माध्यम से सामाजिक-आर्थिक विकास और आजीविका के अवसरों में योगदान देती है।

13. पीएम विश्वकर्मा योजना: पीएम विश्वकर्मा योजना एक व्यापक कार्यक्रम है जिसे कारीगरों और पारंपरिक शिल्पकारों के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह योजना लाभार्थियों को वित्तीय सहायता, आधुनिक उपकरणों के उपयोग पर कौशल विकास प्रशिक्षण और बाजार सहायता प्रदान करती है, जिससे वे अपनी आजीविका बढ़ाने और स्थायी उद्यम स्थापित कर पाते हैं।

**(ग):** ब्यौरा **संलग्नक** में दिया गया है।

**(घ):** अन्य पिछड़े वर्गों के बालकों और बालिकाओं के लिए छात्रावास के निर्माण की केन्द्रीय प्रायोजित योजना तेलंगाना राज्य सहित पूरे देश में कार्यान्वित की जाती है। 300 सीटों वाले 3 छात्रावासों के लिए 27.03.2020 को 391.50 लाख रुपये की राशि जारी की गई थी।

तथापि, पिछले पांच वर्षों के दौरान योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार नलगोंडा जिले के लिए कोई छात्रावास प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

**(ङ):** सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग द्वारा तेलंगाना सहित अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) के लिए कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन तथा उनकी प्रगति और पहुंच की निगरानी करने के लिए उठाए गए कुछ कदम इस प्रकार हैं:

i. आवधिक समीक्षा राष्ट्रीय स्तर, क्षेत्रीय स्तर, राज्य स्तर पर बैठकें आयोजित करके और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा क्षेत्र दौरे करके की जाती है।

ii. राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर छात्रवृत्ति योजनाओं की ऑन-बोर्डिंग।

iii. तृतीय पक्ष मूल्यांकन अध्ययनों के माध्यम से योजनाओं के कार्यान्वयन की आवधिक समीक्षा।

iv. मंत्रालय ने इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया, लघु एनीमेशन फिल्मों आदि के माध्यम से लक्षित लाभार्थियों के बीच जागरूकता और योजनाओं के विस्तार के लिए उपाय किए हैं। तेलंगाना में पिछड़े समाज के सदस्यों के बीच वीसीएफ-बीसी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए तेलुगू में स्थानीय भाषा में ब्रोशर भी बनाया गया है।

**लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2595 जिसका उत्तर दिनांक 16.12.2025 को दिया जाना है, संदर्भित संलग्नक**

**विगत पांच वर्षों के दौरान तेलंगाना में वाइब्रेंट इंडिया हेतु पीएम यंग अचीवर्स स्कॉलरशिप अवार्ड योजना (पीएम-यशस्वी) के तहत निधियों और लाभार्थियों का विवरण**

**राशि और लाभार्थी लाख में**

| क्र.सं. | योजनाएं | 2020-21 | | | 2021-22 | | | 2022-23 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कल्पित (नोशनल) आवंटन | जारी की गई निधि | लाभार्थियों की संख्या | कल्पित (नोशनल) आवंटन | जारी की गई निधि | लाभार्थियों की संख्या | कल्पित (नोशनल) आवंटन | जारी की गई निधि | लाभार्थियों की संख्या |
| 1 | ओबीसी, ईबीसी और डीएनटी छात्रों के लिए प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति | 701.00 | 0.00 | 0 | 671.00 | 0.00 | 0 | 1036.00 | 0.00 | 0 |
| 2 | ओबीसी, ईबीसी और डीएनटी छात्रों के लिए पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति | 3909.00 | 3909.00 | 0.30 | 3547.00 | 3547.00 | 6.59 | 2884.00 | 0.00 | 0 |
| 3 | अन्य पिछड़ा वर्ग के बालकों और बालिकाओं के लिए छात्रावासों का निर्माण | _ | 0.00 | 0 | _ | 0.00 | 0 | _ | 0.00 | 0 |
| 4 | ओबीसी, ईबीसी और डीएनटी छात्रों के लिए स्कूल में टॉप क्लास शिक्षा | 2022-23 से लागू | | | | | | _ | 2.28 | 5 (वास्तविक) |
| 5 | ओबीसी, ईबीसी और डीएनटी छात्रों के लिए कॉलेज में टॉप क्लास शिक्षा | 2023-24 से लागू की गई। | | | | | | | | |

राशि और लाभार्थी लाख में

| क्र.सं. | योजनाएं | 2023-24 | | | 2024-25 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कल्पित (नोशनल) आवंटन | जारी की गई निधि | लाभार्थियों की संख्या | कल्पित (नोशनल) आवंटन | जारी की गई निधि | लाभार्थियों की संख्या |
| 1 | ओबीसी, ईबीसी और डीएनटी छात्रों के लिए प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति | 846.00 | 0.00 | 0 | 617.00 | 617.00 | 0.26 |
| 2 | ओबीसी, ईबीसी और डीएनटी छात्रों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति | 3269.00 | 2318.13 | 1.56 | 2737.00 | 0.00 | 0 |
| 3 | अन्य पिछड़ा वर्ग के बालकों और बालिकाओं के लिए छात्रावासों का निर्माण | _ | 0.00 | 0 | _ | 0.00 | 0 |
| 4 | ओबीसी, ईबीसी और डीएनटी छात्रों के लिए स्कूल टॉप क्लास शिक्षा | _ | 8.38 | 43 (वास्तविक) | _ | 24.82 | 84 (वास्तविक) |
| 5 | ओबीसी, ईबीसी और डीएनटी छात्रों के लिए कॉलेज में टॉप क्लास शिक्षा | _ | 816.09 | 367 (वास्तविक) | _ | 1945.81 | 954 (वास्तविक) |

वंचित इकाई समूह और वर्गों की आर्थिक सहायता (विश्वास-बीसी) योजना के तहत तेलंगाना राज्य में जारी किया गया अनुदान और लाभार्थियों की संख्या

| क्र.सं. | वित्तीय वर्ष | किया गया व्यय (रुपये लाख में) | लाभार्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | 2020-21 | 5.92 | 594 |
| 2 | 2021-22 | 9.52 | 763 |
| 3 | 2022-23 | 0.35 | 33 |
| 4 | 2023-24 | 0.00 | 0 |
| 5 | 2024-25 | 58.96 | 24169 |

वीसीएफ-बीसी योजना के तहत तेलंगाना राज्य में स्वीकृत और संवितरित राशि की स्थिति

<table>
<tr><th>क्र.सं.</th><th>वित्तीय वर्ष</th><th>स्वीकृत राशि<br>(करोड़ रुपये में)</th><th>लाभार्थियों की संख्या</th><th>संवितरित राशि</th></tr>
<tr><td>1</td><td>2020-21</td><td rowspan="4">शून्य</td><td>-</td><td rowspan="3">शून्य</td></tr>
<tr><td>2</td><td>2021-22</td><td>-</td></tr>
<tr><td>3</td><td>2022-23</td><td>-</td></tr>
<tr><td>4</td><td>2023-24</td><td>-</td><td></td></tr>
<tr><td>5</td><td>2024-25</td><td>2.70</td><td>1</td><td></td></tr>
</table>

ओबीसी की निःशुल्क कोचिंग योजनाओं की योजना के तहत वित्तीय और वास्तविक उपलब्धि (पूरे भारत में)

| क्र.सं. | वित्तीय वर्ष | बजट अनुमान (करोड़ रुपये में) | संशोधित अनुमान (करोड़ रुपये में) | किया गया व्यय (करोड़ रुपये में) | लाभार्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2020-21 | 30.00 | 30.00 | 11.96 | 2112 |
| 2 | 2021-22 | 50.00 | 30.00 | 14.98 | 1761 |
| 3 | 2022-23 | 47.00 | 27.00 | 18.41 | 558 |
| 4 | 2023-24 | 47.00 | 14.82 | 7.76 | 223 |
| 5 | 2024-25 | 35.00 | 18.00 | 17.68 | 2136 |

पिछले पांच वर्षों के दौरान तेलंगाना राज्य के एनएमएमएसएस लाभार्थियों के लिए स्वीकृत छात्रवृत्तियों की संख्या और निधि

| क्र.सं. | वित्तीय वर्ष | छात्रवृत्ति की संख्या (नयी + नवीनीकरण) | | | | स्वीकृत राशि (₹ लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सामान्य/ ओबीसी | एससी | एसटी | कुल | |
| 1 | 2020–21 | 3451 | 1140 | 521 | 5112 | 613.44 |
| 2 | 2021–22 | 2862 | 1034 | 419 | 4315 | 517.80 |
| 3 | 2022–23 | 2980 | 1007 | 386 | 4373 | 524.76 |
| 4 | 2023–24 | 2636 | 748 | 288 | 3672 | 440.64 |
| 5 | 2024–25 | 2599 | 827 | 346 | 3772 | 452.64 |

**तेलंगाना राज्य में पिछले पांच वर्षों के दौरान जेएसएस योजना के तहत प्रशिक्षित लाभार्थियों की संख्या**

| वित्तीय वर्ष | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभार्थियों की संख्या | 8,497 | 10,398 | 15,639 | 10,300 | 10,787 |

**जेएसएस के तहत पिछले 5 वर्षों के दौरान तेलंगाना में बीसी कल्याण छात्रावासों, आवासीय विद्यालयों और शैक्षिक अवसंरचना के विकास के लिए कुल आवंटित, जारी और उपयोग की गई निधियां।**

(रुपये करोड़ में)

| वित्तीय वर्ष | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
|---|---|---|---|---|---|
| निधि | 2.93 | 2.74 | 3.20 | 3.24 | 2.89 |

**डीजीटी (कौशल विकास) के तहत तेलंगाना राज्य में ऑफर किए जाने वाले पाठ्यक्रमों की सूची**

| क्र. सं. | संस्थान का नाम | ट्रेड | कुल सीट |
|---|---|---|---|
| 1 | एनएसटीआई (पश्चिम), हैदराबाद | कॉस्मेटोलॉजी | 50 |
| | | फैशन डिजाइन और प्रौद्योगिकी | 50 |
| | | कार्यालय प्रबंधन | 25 |
| 2 | **एनएसटीआई-आर, हैदराबाद** | कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग रखरखाव | 50 |
| | | कंप्यूटर सॉफ्टवेयर अनुप्रयोग | 50 |
| | | इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक | 50 |
| 3 | एनएसटीआई-वी हैदराबाद | बिजली कारीगर | 100 |
| | | फिटर | 100 |
| | | सूचना प्रौद्योगिकी | 25 |
| | | मशीनिस्ट और ऑपरेटर एडवांस्ड मशीन टूल्स | 25 |
| | | मैकेनिक मोटर वाहन | 25 |
| | | वेल्डर | 50 |

**तेलंगाना राज्य में पिछले 5 वर्षों के दौरान डीजीटी (सीआईटीएस) के तहत प्रशिक्षित ओबीसी प्रशिक्षुओं की संख्या**

<table>
<tr><th rowspan="2">क्र.सं.</th><th rowspan="2">संस्थान का नाम</th><th colspan="5">प्रशिक्षित किए गए ओबीसी प्रशिक्षु</th></tr>
<tr><th>2019-20</th><th>2020-21</th><th>2021-22</th><th>2022-23</th><th>2023-24</th></tr>
<tr><td>1</td><td>एनएसटीआई (पश्चिम), हैदराबाद</td><td rowspan="3">209</td><td rowspan="3">238</td><td rowspan="3">192</td><td rowspan="3">237</td><td rowspan="3">199</td></tr>
<tr><td>2</td><td>एनएसटीआई-आर, हैदराबाद</td></tr>
<tr><td>3</td><td>एनएसटीआई-वी हैदराबाद</td></tr>
</table>

**नोटः वर्ष 2024-25 का डेटा कौशल विकास विभाग के पास उपलब्ध नहीं है**

*एसआईडीएच की रिपोर्ट के अनुसार तेलंगाना और नलगोंडा जिले में पीएमकेवीवाई के तहत ओबीसी उम्मीदवारों का प्रशिक्षण/ उन्मुखीकरण*

| **वित्तीय वर्ष** | **2020-21** | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** | **2024-25** |
|---|---|---|---|---|---|
| तेलंगाना में लाभार्थी | 14,177 | 7,505 | 4,978 | 8,190 | 13,072 |
| नलगोंडा में लाभार्थी | 740 | 382 | 78 | 118 | 151 |

*एसआईडीएच की रिपोर्ट के अनुसार, तेलंगाना और नलगोंडा जिले में पीएम विश्वकर्मा-बेसिक स्किलिंग के तहत ओबीसी उम्मीदवारों का प्रमाणन*

| **वित्तीय वर्ष** | **2023-24** | **2024-25** | **2025-26 (31.10.2025 तक)** |
|---|---|---|---|
| तेलंगाना में लाभार्थी | 997 | 43,542 | 3,145 |
| नलगोंडा में लाभार्थी | 216 | 6918 | 315 |

**पिछले पांच वर्षों के दौरान तेलंगाना के संबंध में एनएफ-ओबीसी (श्रेयस-ओबीसी) के तहत निधियों और लाभार्थियों का विवरण**

**(रु. करोड़ में)**

| क्र.सं. | वित्तीय वर्ष 2020-21 | वित्तीय वर्ष 2021-22 | वित्तीय वर्ष 2022-23 | वित्तीय वर्ष 2023-24 | वित्तीय वर्ष 2024-25 |
|---|---|---|---|---|---|
| जारी की गई निधियां | 1.54 | 1.88 | 1.07 | 2.34 | 3.31 |
| लाभार्थियों की संख्या | 39 | 34 | 39 | 52 | 58 |

**पिछले पांच वर्षों के दौरान तेलंगाना और नलगोंडा जिले के संबंध में डॉ. अम्बेडकर सीएसआईएस ब्याज सब्सिडी योजना (श्रेयस-ओबीसी) के तहत सब्सिडी राशि और लाभार्थियों का विवरण**

**(रु. करोड़ में)**

| क्र.सं. | वित्तीय वर्ष 2020-21 | वित्तीय वर्ष 2021-22 | वित्तीय वर्ष 2022-23 | वित्तीय वर्ष 2023-24 | वित्तीय वर्ष 2024-25 |
|---|---|---|---|---|---|
| जारी की गई निधियां | 2.31 | 2.48 | 3.69 | 3.13 | 0.68 |
| तेलंगाना में लाभार्थी | 426 | 548 | 381 | 280 | 106 |
| नलगोंडा में लाभार्थी | 31 | 28 | 44 | 6 | 3 |

*****